उत्तर प्रदेश शासन
पर्यावरण अनुभाग
संख्या-26/2016/1810/55-2016-09(रिट)/2016
लखनऊ : दिनांक : 10 जून, 2016

## कार्यालय-ज्ञाप

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण में दायर वादों में अधिकांशतः विभिन्न विभागों से संबंधित बिन्दु सम्मिलित रहते हैं, जिन पर विभागीय मत स्थिर कर मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण में पक्ष प्रस्तुत करने तथा मा0 अधिकरण के आदेशों का अनुपालन भी उन सभी विभागों का सामूहिक उत्तरदायित्व है। सम्प्रति मा0 अधिकरण में दायर वादों में समयान्तर्गत प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने तथा आदेशों का अनुपालन करने में संबंधित विभागों की ओर से अभी भी अपेक्षित सजगता परिलक्षित नहीं हो रही है। पर्यावरण विभाग द्वारा समन्वयक के रूप में मुख्य सचिव, उ0प्र0 की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों में भी संबंधित विभागों के प्रमुख सचिवों द्वारा प्रतिभाग न करने से समस्या का समाधान सम्भव नहीं हो पा रहा है। अतः मा0 अधिकरण में लम्बित वादों में पारित आदेशों के अनुपालन/प्रभावी अनुश्रवण हेतु सम्यक विचारोपरान्त राज्य स्तरीय प्रदूषण नियंत्रण एवं अनुश्रवण समिति (State Level Pollution Control & Monitoring Committee) का निम्नवत गठन किया जाता है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1- | मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन | अध्यक्ष |
| 2- | प्रमुख सचिव, पर्यावरण, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 3- | प्रमुख सचिव, वन, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 4- | प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 5- | प्रमुख सचिव, कृषि, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 6- | प्रमुख सचिव, ऊर्जा, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 7- | प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 8- | प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 9- | प्रमुख सचिव, लोक निर्माण, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 10- | प्रमुख सचिव, गृह, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 11- | प्रमुख सचिव, परिवहन, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 12- | प्रमुख सचिव, परती भूमि विकास, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 13- | प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 शासन | सदस्य |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

14- सचिव, नगर विकास, उ0प्र0 शासन सदस्य

15- निदेशक, पर्यावरण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ सदस्य

16- निदेशक, भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ सदस्य
(Expert ambient air quality)

17- श्री एस0के0 सिंह, सेवानिवृत्त मुख्य पर्यावरण अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ (Expert ambient air quality) सदस्य

18- श्री अशोक कुमार वर्मा, वैज्ञानिक अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ (Expert ambient air quality) सदस्य

19- सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ सदस्य सचिव

2- उपरोक्त समिति ओ0ए0 संख्या-21/2014 वर्धमान कौशिक बनाम यूनियन आफ इण्डिया व अन्य में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश दिनांक 06 जनवरी, 2016 में दिये गये अन्य निर्देशों के साथ Ambient Air Quality से संबंधित निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा एवं अनुश्रवण करेगी। इसके साथ साथ उक्त समिति मा0 अधिकरण में दायर अन्य वादों में समयान्तर्गत प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने तथा पारित आदेशों के अनुपालन का अनुश्रवण भी करेगी। उक्त समिति की प्रत्येक माह न्यूनतम एक बैठक आयोजित की जायेगी।

3- उक्त समिति आवश्यकतानुसार स्थानीय निकायों/प्राधिकरणों/निगमों एवं उपक्रमों तथा अन्य संबंधित संस्थाओं, जिनसे वाद/प्रकरण संबंधित है, को भी बैठकों में बुला सकती है।

आलोक रंजन
मुख्य सचिव।

संख्या-26/2016/1810(1)/55-पर्या-2016,तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- समिति के समस्त सदस्य।
2- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3- निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, पर्यावरण विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

( आत्मा राम )
संयुक्त सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in